आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 29.05.2025
समय 1305

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने ओडिशा में राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारंभ किया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा और महिलाओं को रोजगार देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध।
- राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने वन अनुसंधान संस्थान का दौरा किया।
- उत्तरकाशी जिले में जनकताल ट्रैक के लिए पर्वतारोहियों का दल रवाना।

------------

## विकसित कृषि संकल्प अभियान

राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान आज से शुरू हो गया है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने ओडिशा से इसका शुभारंभ किया। 12 जून तक चलने वाले इस अभियान में विशेषज्ञ टीमें स्थानीय कृषि–जलवायु परिस्थितियों, मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता, और वर्षा पैटर्न का आकलन करेंगी। इसके अलावा, ये टीमें किसानों से सीधा संवाद कर उन्हें उचित फसल चयन, उच्च उपज वाले बीज, आदर्श बुवाई तकनीक, और संतुलित उर्वरक उपयोग की जानकारी देंगी।

वहीं, विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत ऊधमसिंह नगर जिले के मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार ने विकासभवन से तीन कृषि प्रचार रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृषि प्रचार रथ जिले की सभी न्याय पंचायतों में जाकर किसानों को जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान का उद्देश्य वैज्ञानिक पद्धतियों से खेती को बढ़ावा देना, कृषि लागत को कम करना और मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार लाना है।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य के समग्र विकास और आम आदमी के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में राज्य सरकार के प्रयास निरंतर जारी हैं। स्थानीय उत्पादों और उद्यमों को बढ़ावा देने के साथ ही महिलाओं और स्थानीय लोगों को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करना हमारी प्रतिबद्धता है। कल कैबिनेट बैठक के बाद एक बयान में मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। राज्य हित से जुड़े विषयों पर आज कैबिनेट ने जो महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, वह इस दिशा में की गई महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमों में संशोधन कर विभिन्न विभागों में अब 10 करोड़ तक के कार्य स्थानीय लोगों द्वारा किये जायेंगे। स्वयं सहायता समूहो, एमएसएमई और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए क्रय वरीयता प्रदान करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड, योग नीति 2025 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इससे बड़ी संख्या में राज्य के युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे तथा आम जनता के स्वास्थ्य संवर्धन की राह प्रशस्त होगी।

## जाम निजात

राजधानी देहरादून को जाम से निजात दिलाने के लिए आर.टी.ओ. ने नया प्लान बनाया है। शहर के 8 से 10 व्यस्ततम चौराहों पर अब पब्लिक ट्रांसपोर्टर नहीं दिखाई देंगे, बल्कि उससे 100 मीटर पहले ही अब वे सवारियों को उतार और चढ़ा सकेंगे। आर.टी.ओ., संदीप सैनी ने बताया कि इसके साथ ही मैकेनिक शॉप्स और बड़े मॉल को भी चिह्नित किया जा रहा हैं, जहां यातायात का दबाव अधिक रहता है।

## राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरुपम चकमा ने देहरादून स्थित वन अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। उन्होंने संस्थान के भीतर अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षा उपायों के कार्यान्वयन की समीक्षा की। इस अवसर पर संस्थान निदेशक ने संगठनात्मक ढांचे और संस्थान के भीतर कर्मचारियों की स्थिति और प्रतिनिधित्व की प्रस्तुति दी। बैठक के बाद, संस्थान के निदेशक और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोग के सदस्य ने संस्थान के विभिन्न संग्रहालयों का दौरा किया। उन्होंने 'हर्बेरियम' और जाइलारियम का भी दौरा किया, जहां भारत और दुनिया भर के जंगली पेड़ों और पौधों के अद्भुत हर्बेरियम संग्रह के माध्यम से भारत की अद्भुत वनस्पति विविधता का प्रदर्शन किया गया है। हर्बेरियम संग्रह मे साढ़े तीन लाख नमूने शामिल हैं। 'ज़ाइलारियम' के भ्रमण के दौरान भारत और 45 अन्य देशों की लकड़ी के 20 हजार नमूने उन्हें दिखाए गए। भारत की सबसे महंगी लकड़ी की प्रजातियों के साथ–साथ महत्वपूर्ण वाणिज्यिक लकड़ी के बारे में जानकारी भी आयोग के सदस्य के साथ साझा की गई, जिसमें लाल चंदन, चंदन, सागौन, साल, शीशम आदि शामिल हैं। श्री चकमा ने वन संवर्धन, इमारती लकड़ी, गैर–इमारती वन उत्पाद और वन कीट विज्ञान संग्रहालयों का भी दौरा किया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने इन संग्रहालयों में रखे गए विभिन्न प्रदर्शनों के बारे में बताया।

## पर्वतारोही दल रवाना

उत्तरकाशी जिले में समुद्रतल से सबसे अधिक ऊंचाई पर बसे दूसरे जनकताल ट्रैक के लिए पर्वतारोहियों का दल रवाना हो गया है। इसके बाद वे नीलापानी होते हुए मुलिंगना पास जाएंगे और उसके बाद जिला मुख्यालय लौटेंगे। भारत–चीन अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित इन दोनों ट्रैक का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर्षिल दौरे में शुभारंभ किया था। उसके बाद यह पहला दल है, जो जनकताल और मुलिंगना पास के लिए रवाना हुआ। गढ़वाल माउंटेन एंड ट्रैकिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जयेंद्र राणा ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जनकताल और मुलिंगना पास ट्रैक का उद्घाटन कर भारत–चीन सीमा पर पर्यटन और दोबारा बसावट को शुरू करने का अभियान शुरू किया था। इसके तहत मुंबई, लखनऊ और हिमाचल प्रदेश के पांच ट्रैकर्स सहित गाइड्स के साथ विश्व के दूसरे सबसे ऊंचे ट्रैक जनकताल के लिए रवाना हुए। जिला पर्यटन अधिकारी के.के जोशी ने कहा कि यह भारत–चीन सीमा पर पर्यटन को नया आयाम देगा। यह पहला दल है, जो ट्रैक पर ट्रैकिंग करेगा। वहीं यह केंद्र सरकार की वाइब्रेंट योजना की सार्थकता को भी साकार कर रहा है।

## उद्योग मित्र बैठक

नैनीताल की मुख्य विकास अधिकारी अनामिका की अध्यक्षता में भीमताल में आयोजित जिला उद्योग मित्र की बैठक में विगत वर्ष लंबित बिंदुओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पांच इकाइयों के ब्याज उपादान प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के लिए 10 से 12 करोड़ रुपए की धनराशि प्रस्तावित की गई है। इस राशि का उपयोग बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने में किया जाएगा।

बैठक में उद्योग मित्रों ने भीमताल सिडकुल क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की अनियमितता, सड़क मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, स्थानीय विक्रय के लिए प्रदर्शन इकाई, बिक्री इकाई और कूड़ा निस्तारण के लिए वाहन की मांग उठाई।

## घरेलू सर्राफा बाजार

घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन गिरावट का रुख नजर आ रहा है। सोना आज 400 रुपये से लेकर 440 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। भाव में कमजोरी आने के कारण आज देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 97 हजार चालीस रुपये से लेकर 97 हजार 190 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 88 हजार 950 रुपये से लेकर 89 हजार 100 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी आज मामूली गिरावट आई है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99 हजार 900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।